083 सुरह मुताफफिफीन. (मजामीन)

खुलासा मज़ामीने कुरान उर्दू किताब.
मौलाना मलिक अब्दुर्रउफ साहब.

नोट.- ये PDF कोई भाषा या व्याकरण नही हे,
बल्कि दीन-ए-इस्लाम को समझने के लिये हे.

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहिम.

» नापतोल मे कमी करने वाले.

नापतोल मे कमी करने वालो की खराबी और मैदान ए महशर मे हद से आगे बढने वालो का बुरा अंजाम, नेक बन्दो पर अल्लाह के इनामो की बारिश इस सूरह का मौजू हे.

इस मुबारक सूरत मे कम नापने और कम तोलने की बुराई का जिक्र शुरू होकर कयामत के हालात पर बात खत्म हुई हे,

फरमाया कि कम नापने और कम तोलने वाले के लिये बडी सज़ा होगी, इन लोगो ने लेने और देने के बर्तन अलग बना रखे हे, शायद इन्को अल्लाह के सामने पेश होने का एहसास नही हे, इन्को मालूम होना चाहिये कि वहा नाफरमानो का बहुत बुरा हाल होगा, वो जहन्नम मे होगे जहा मुजरिमो के नाम रजिस्टर मे लिखे हुवे होगे, ये लोग दुनिया मे बदले के दिन को झुठलाते थे,

कुरान मजीद को पेहले लोगो के किस्से कहानी बताते थे, इन लोगो की ये हालत इस वजह से थी कि इन्के बुरे अमाल की वजह से इन्के दिलो पर जंग (काट) चड गया था, ये लोग कयामत के दिन अल्लाह के दीदार से मेहरूम होगे, जहन्नम मे पहुंचेगे तो उन्से कहा जायेगा देख लो! यही हे जिसे तुम झूठलाया करते थे,

हा नेक लोगो के नाम एक बहुत ही उचे मुकाम पर लिखे हुवे होगे, ये लोग उचे तखतो पर बैठे हुवे होगे, उन्के चेहरे तरोताजा होगे, जहा खालिस शराब के प्याले पियेंगे, यही लोग थे कि मुजरिम उन्पर हसा करते थे, उन्के पास से गुजरते तो आंखो से इशारा किया करते थे, उन्पर बाते बनाया करते थे और उन्हे गुमराह केहते थे, आज ईमान वाले काफिरो का मज़ाक उदायेगे, देखो! काफिरो ने अपने किये का बदला पा-लिया.